NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 251 लखनऊ, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी, यूपी में बोले पीएम मोदी– मैं गरीब का बेटा हूं... गरीबी का दर्द समझता हूं

संवाददाता।

लखनऊ राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति. ये पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। ये चुनाव... आपका एक–एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। इस बार आपका वोट... देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने वाला है। उन्होंने कहा कि जब यहां योगी जी की सरकार आई तो सपा के काल में ठप्प पड़ी सभी योजनाएं और विकास की गाड़ी तेजी से दौड़ना शुरू हुई। पहले जहां सड़कें सलामत नहीं थीं... अब वहां एक्सप्रेस–वे गुजर रहे हैं। राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हमारी सरकार के लिए युवा,



गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमने 4 करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी अपने काम का, देश के विकास का लेखा–जोखा देकर आपसे आशीर्वाद मांगता है, वोट मांगता है। लेकिन आपने कभी सपा–कांग्रेस को अपने कार्यकाल का हिसाब देते देखा है क्या? नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले लखनऊ–कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा–कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। ऐसे लोग आपको मंजूर हैं क्या? यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति–भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे। क्या ऐसे लोगों के हाथ में आपका भविष्य सुरक्षित है? और आज भी ये सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की पहचान रही है–

## कन्नौज में अखिलेश यादव ने बढ़ाई भाजपा की धड़कनें

संवाददाता।

लखनऊ। अंत भला तो सब भला। आखिरकार उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट को बचाने के लिये सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यहां से चुनाव मैदान में कूदना ही पड़ गया। 25 अप्रैल को अखिलेश ने कन्नौज से चुनाव लड़ने के लिये नामांकन किया तो तेज प्रताप यादव का चौप्टर बंद हो गया। अब कन्नौज में एक बार फिर सपा मुखिया अखिलेश यादव व सुब्रत पाठक के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा ऐसा ही मुकाबला वर्ष 2009 में कन्नौज में देखने को मिला था। इस चुनाव में अखिलेश यादव को 3,37,751 मत मिले थे। दूसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी डॉ. महेश वर्मा को 2,21,887



मत मिले थे। वहीं, भाजपा के सुब्रत पाठक तीसरे स्थान पर रहे थे। तब उन्हें 1,50,872 मत ही मिल पाए थे। हालांकि वर्ष 2019 में जब सुब्रत पाठक ने डिंपल को हराया तब उन्हें 5,63,087 वोट मिले थे, जो कुल पड़े मतों का 49.35 प्रतिशत थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में उतरने से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में तो उत्साह बढ़ ही गया है, बसपा व भाजपा में भी सरगर्मी बढ़ गई है। सपाई अखिलेश के कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार के तौर पर उतरने की पहले से ही मांग कर रहे थे। कन्नौज समाजवादी पार्टी की परम्परागत सीट मानी जाती है। इस लोकसभा क्षेत्र में जनता जातियों में बंटी है। अलग–अलग क्षेत्रवार सबकी अपनी बातें हैं। अब प्रत्याशी के तौर पर अखिलेश मैदान में हैं तो कन्नौज का सियासी रण दिलचस्प हो चुका है।

## महाराष्ट्र की महाभारत में कौन मारेगा बाजी? दूसरे चरण में इन सीटों पर मुकाबला

एजेंसी।

महाराष्ट्र। 2014 के चुनाव में एनडीए को बंपर जीत मिली थी। एनडीए का वोट शेयर 2009 के लगभग 35 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 47.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। 2019 के चुनाव में भी बीजेपी को बंपर जीत मिली। एनडीए का वोट शेयर 50



प्रतिशत के पार पहुंच गया। महाराष्ट्र की राजनीति में ये चुनाव पिछले 3–4 दशक के बाद बेहद रोचक चुनाव हो सकता है। बाल ठाकरे और शरद पवार की विरासत पर कब्जे को लेकर एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे, अजित पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ी टक्कर है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण में महाराष्ट्र की आठ सीटों पर चुनाव है। बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल–वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में मतदान होना है। वहीं 19 अप्रैल को पहले चरण में रामटेक, नागपुर, भंडारा–गोंदिया, गढ़चिरौली–चिमूर और चंद्रपुर में मतदान हुए थे। दूसरे चरण में मांदेड़ और अमरावती में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। 2014 के चुनाव में एनडीए को बंपर जीत मिली थी। एनडीए का वोट शेयर 2009 के लगभग 35 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 47.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। 2019 के चुनाव में भी बीजेपी को बंपर जीत मिली। एनडीए का वोट शेयर 50 प्रतिशत के पार पहुंच गया। महाराष्ट्र की राजनीति में ये चुनाव पिछले 3–4 दशक के बाद बेहद रोचक चुनाव हो सकता है। बाल ठाकरे और शरद पवार की विरासत पर कब्जे को लेकर एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे, अजित पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ी टक्कर है।

## राजस्थान में फिर आया फोन टैपिंग का जिन्न, बुरे फंसे राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत!

एजेंसी। राजस्थान राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमलावर है। कहीं ना कहीं इस पूरे मामले को लेकर अब कांग्रेस राजस्थान में बैकफुट पर दिखाई दे रही है। लोकेश शर्मा के आरोपी को कांग्रेस पूरी तरीके से खारिश करती हुई भी नजर आ रही है। चुनावी मौसम में एक बार फिर से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत सुर्खियों में आ गए हैं। हालांकि ऐसा उनके बयानों की वजह से नहीं हुआ है। बल्कि उनके पूर्व ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के बड़े धमाके के बाद हुआ है। लोकेश शर्मा ने अशोक गहलोत को लेकर फोन टैपिंग वाला बम फोड़ा है जिसकी वजह से राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। भाजपा फिलहाल राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमलावर है। कहीं ना कहीं इस पूरे मामले को लेकर अब कांग्रेस राजस्थान में बैकफुट पर दिखाई दे रही है। लोकेश शर्मा के आरोपी को कांग्रेस पूरी तरीके से खारिश करती हुई भी नजर आ रही है। लोकेश शर्मा ने दावा किया कि राज्य में 2020 में कांग्रेस सरकार को



''गिराने'' की साजिश के संबंध में गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस नेताओं के बीच टेलीफोन पर कथित बातचीत के तीन ऑडियो क्लिप तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें मीडिया में प्रसारित करने के लिए एक पेन ड्राइव में दिए थे। उन्होंने कहा कि अगर जांच एजेंसी की तरफ इसकी मांग जाएगी तो वह अपने दावे के संबंध में अपने पास मौजूद सबूत दे देंगे। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर अपने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने की साजिश रचने, पायलट और अन्य कांग्रेस नेताओं के फोन सर्विलांस पर रखने, रीट पेपर लीक में शामिल होने और पार्टी आलाकमान को अंधकार में रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तब डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने यहां तक कहा था

## रायबरेली में गांधी बनाम गांधी! प्रियंका के खिलाफ वरुण को उतारने की तैयारी में भाजपा, जारी है अटकलों का दौर

एजेंसी।

नई दिल्ली सोनिया गांधी द्वारा 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को रायबरेली से मैदान में उतारने की अटकलें तेज हो गईं। सूत्रों ने कहा कि ऐसी अटकलों के बीच, भाजपा ने अपने चचेरी बहन के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए वरुण गांधी से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने रायबरेली चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट पर अपनी चचेरी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ संभावित चुनाव लड़ने का विकल्प चुना है। इस बात की खूब चर्चा भी थी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा वरुण गांधी को रायबरेली से मैदान में उतारने की इच्छुक थी, जो 2004 से कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने बुधवार को सुझाव दिया कि इस बात की प्रबल संभावना है कि प्रियंका गांधी वाड्रा इस सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। इस साल फरवरी में राज्यसभा के लिए चुने जाने से पहले उनकी मां और पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी 2004 से रायबरेली सीट पर काबिज थीं। सोनिया गांधी द्वारा 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को रायबरेली से मैदान में उतारने की अटकलें तेज हो गईं। सूत्रों ने कहा कि ऐसी अटकलों के बीच, भाजपा ने अपने चचेरी बहन के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए वरुण गांधी से संपर्क



किया, लेकिन उन्होंने रायबरेली चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। भाजपा नेता के करीबी सूत्रों ने कहा कि वरुण गांधी उस तरह की सुर्खियों से दूर रहना चाहते हैं जो शगांधी बनाम गांधीश मुकाबले को आकर्षित करेगी। वरुण गांधी पीलीभीत से मौजूदा सांसद हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए, भाजपा ने उन्हें पीलीभीत चुनाव से हटाने का फैसला किया और इस सीट पर पूर्व मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा। इसके बाद, वरुण गांधी ने पीलीभीत के लोगों को एक खुला पत्र लिखा और कहा कि वह इस भूमि के पुत्र बने रहेंगे। उनकी मां मेनका गांधी, जो लंबे समय तक सांसद रहीं, को भाजपा ने उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर सीट से फिर से मैदान में उतारा।

## दूसरे चरण में 5 सीटों के लिए है 50 उम्मीदवार, इन नेताओं पर सबकी नजर

एजेंसी।

पटना बिहार एक और उत्सुकता से देखी जाने वाली सीट भागलपुर है, जिस पर कांग्रेस दो दशकों में पहली बार चुनाव लड़ रही है। पार्टी विधायक अजीत शर्मा, जो पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में इसी नाम की विधानसभा सीट जीतकर आश्चर्यचकित कर रहे हैं, जदयू सांसद अजय मंडल के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। बिहार लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण कुछ ही घंटों में शुरू होने वाला है, जहां 93 लाख से अधिक मतदाता पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 50 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रसिद्ध लोकसभा क्षेत्रों में से एक,



किशनगंज के मतदाता कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, जदयू उपविजेता मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान के बीच त्रिकोणीय मुकाबले में अपना वोट डालने जा रहे हैं। साथ ही, सबसे ज्यादा चर्चा पूर्णिया पर होगी, जहां कुल सात उम्मीदवार मैदान में हैं, जो पांच सीटों में से सबसे कम है। पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय लड़ाई देखी जा रही है, जहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा का लक्ष्य हैट्रिक बनाना है, लेकिन उन्हें तीन बार के पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ घ्घप्पू यादव से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वह निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। राजद ने यहां से बीमा भारती को टिकट दिया है जो जदयू की एक विधायक हैं, हाल में ही मुख्यमंत्री की पार्टी से अलग हो गई हैं। पड़ोस मे कटिहार है जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे है। हाल में ही वह कांग्रेस में लौटे है। इस सीट का कई बार प्रतिनिधित्व कर चुके है। जद (यू) ने एक बार फिर से दुलाल चंद्र गोस्वामी पर ही दांव लगाया है। एक और उत्सुकता से देखी जाने वाली सीट भागलपुर है, जिस पर कांग्रेस दो दशकों में पहली बार चुनाव लड़ रही है।

## कांग्रेस के न्याय पत्र से घबरा गए हैं प्रधानमंत्री, फैला रहे हैं झूठा प्रोपोगेंडा – पवन खेड़ा,

लखनऊ(आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन श्री पवन खेड़ा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरु भवन पर पत्रकार वार्ता में भाजपा मोदी सरकार पर देश के युवाओं, किसानों और आम आदमी, एवम दलित, पिछड़ों से धोखेबाजी का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 400 सीटों के नारे के पीछे की असली नियत संविधान बदलने को बताया, श्री पवन खेड़ा ने कहा प्रधानमंत्री कांग्रेस के न्याय पत्र से इतना घबरा गए हैं कि वह अपनी गारंटियों को भूलकर दिन रात झूठा प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं, लेकिन जनता बहकावे में नही आने वाली 10 सालों के भाजपा के कुकर्मों का हिसाब इंडिया गठबंधन कांग्रेस सरकार बनाकर करने जा रही है, पवन खेड़ा ने कहा जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र के पांच न्याय की 25 गारंटियों पर भरोसा है इसीलिए आज मोदी की गारंटिया गायब हो गई हैं और पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है, आज प्रधानमंत्री जी जनता से जुड़े मुद्दों पर बात ही नहीं करते, 10 साल में उन्होंने जो – जो जुल्म इस देश के युवाओं पर किया, इस देश के किसानों पर किया, और सबसे ज्यादा जुल्म दलितों पिछड़ों पर किया, इस देश के आम नागरिक उनके जुल्मों का हिसाब उनको सत्ता से बाहर कर करने जा रहे हैं, मोदी आज महिलाओं की मंगलसूत्र की बात करते हैं लेकिन पूरे देश में जो महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था और भाजपा के सांसद – विधायक इस देश की बहन बेटियों की




आबरू को लूट रहे थे, भाजपा सरकारें बलात्कारियों को संरक्षण दे रही थीं,उस समय प्रधानमंत्री जी की आवाज तक नहीं निकली, जनता यह पूरा सच जानती है आज इसीलिए प्रधानमंत्री की घिसी– पिटी बातों पर जनता भरोसा नहीं कर रही पवन खेड़ा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में रोजगार की बात नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश में कोई भी पेपर सकुशल नहीं हो पाया सब लीक होते चले गए, सरकार हाथ पर हाथ रख कर नकल माफियाओं का तमाशा देखती रही, अभी हाल में उत्तर प्रदेश में जो सिपाही के पेपर में 50 लाख अभ्यर्थियों ने अपने खून पसीने की मेहनत की कमाई से फॉर्म भरे, तैयारी की वह भी पेपर लीक हो गया अब उत्तर प्रदेश का नौजवान इनको सबक सिखाने जा रहा है।

## स्मार्ट सिटी आफिस में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का औचक निरीक्षण

लखनऊ(आरएनएस)। स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम(वार रूम) का औचक निरीक्षण । उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिया कि कंट्रोल सिस्टम में कितनी शिकायते आज आई है और कितने शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज टोटल 597 शिकायतो के सापेक्ष 97 शिकायतो का निस्तारण कर लिया गया है। शिकायत आख्या के अवलोकन के दौरान मंडलायुक्त ने अमरेंद्र प्रताप अवर अभियंता जोन–8 (जलकल) द्वारा कंट्रोल रूम में आई शिकायतों का निस्तारण आख्या गुणवत्ता पूर्वक न लगाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के सापेक्ष फर्जी आख्या लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण लोकेशन फोटो सहित किया जाए

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने मार्ग प्रकाश ,पशु संबंधित, साफ सफाई संबंधित शिकायते, आवारा पशु, जल विभाग, उद्यान विभाग, सशुल्क सेवा, वायु प्रदूषण, कर विभाग, ट्रेफिक जंक्शन की शिकायत, सीवरेज विभाग, ड्रेनेज विभाग से संबंधित आए हुए सभी शिकायतों के निस्तारण की आख्या को गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेंडिंग शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंभ करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को चेतावनी लेटर भी जारी किया जाए।

## लखनऊ के आचार्य देव को अमेरिकन यूनिवर्सिटी आफ ग्लोबल पीस से मिली डाक्टरेट की उपाधि

लखनऊ (आरएनएस) लखनऊ के जाने माने ज्योतिषाचार्य एवं धर्म गुरु आचार्य देव को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोबल पीस ने डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा। आचार्य देव को यह उपाधि इंटरनेशनल सेमिनार ऑफ ग्लोबल पीस फॉर मेकिंग इंडिया सस्टेनेबल डेवलपड एंड स्ट्रॉन्ग में लगातार जुड़े रहने एवं सहयोग करने के उपलक्ष्य में मिला। आचार्य देव को डॉक्टर ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस की उपाधि देकर द अमेरिका यूनिवर्सिटी यूएसए फॉर द ग्लोबल पीस ने उनके काम को सराहा। आचार्य देव लखनऊ के निवासी हैं यह अपनी पीढ़ी के तीसरे ज्योतिष हैं इससे पहले इनके पिता एवं दादा भी ज्योतिष विद्या में महारथ हासिल कर चुके थे। आचार्य देव का कहना है कि ज्योतिष आने वाले वक्त में दुनिया का आधार बनेगा और भटके हुए लोगों को राह दिखाने का काम करेगा। अपनी ज्योतिष की पढ़ाई भी इन्होंने लखनऊ से ही की और सनातन को देश के कोने कोने में पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। आचार्य देव ने कहा कि मैं बहुत ही गौरांवित महसूस कर रहा हूं कि अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोबल पीस ने मुझे डॉक्टरेट की यह सम्मानित उपाधि दी है। इससे ने सिर्फ मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है। हम आपको यह भी बताना चाहेंगे आचार्य देव वामा (वर्चुअल एस्ट्रोलॉजी एप मंदिर) के सह संथापक भी हैं। यह एप देश दुनिया की मंदिरों को ऑनलाइन लाने का काम करता है। आचार्य देव का मानना है जब पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है। तो मंदिर भी क्यों न डिजिटल हो, आज के समय की मांग है डिजिटल। मंदिरों के डिजिटलीकरण से न सिर्फ मंदिर ऑनलाइन आएंगे बल्कि भक्त से भगवान की दूरी भी कम हो जाएगी।

## सघन जाच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 24 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4561 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

# हीट वेव से बचाव को बरतें सावधानी स्वास्थ्य विशेषज्ञ

## स्कूल जाने वाले बच्चें रखें पानी की बोतल, डीहाइड्रेशन होने से होगा बचाव

लखनऊ(आरएनएस )। गर्मी के बढते प्रभाव से आमजनमानस का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। साथ ही स्कूल जानें वाले बच्चों को गर्म हवाओं के थपेड़े झेलने पड़ रहे हैं। जिसके लिए बीते बुधवार को जिलाधिकारी सूयपाल गंगवार द्वारा स्कूलों की समय सीमा निर्धारित करते हुए सभी स्कूलों को दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं। ऐसे में स्कूल जानें वाले बच्चों के साथ अभिभावकों को भी कड़ी धूप में बाहर निकलना मजबूरी बन गया है। जिससे कहीं न कहीं बच्चें और अभिभावक डिहाइड्रेशन के शिकार हो सकते हैं। वहीं बढते हीट वेव के प्रभाव से बचने के लिए जब तरूण मित्र मेडिकल टीम ने राजधानी के जानें माने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से बातचीत की तो अपने सुझाव व्यक्त किये।जिसमें बलरामपुर अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि हीट वेव का प्रभाव चल रहा है इससे कोई घबराने की आवश्यकता नहीं है इसके लिए सावधानी बरतना ही बचाव है। उन्होंने कहा कि दिन के से करीब 12 बजे से तीन बजे तक धूप का अधिक प्रभाव रहता है। कोईजरूरी कार्य हो तभी बाहर निकले।डॉ.सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चें स्कूल जा रहें हैं तो साथ पानी की बोतल जरूर लेकर निकले और पानी का सेवन करते रहें, जिससे बॉडी डीहाइड्रेशन होने से बचाव होगा। उन्होंने कहा कि मौसमी फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए जैसे खीरा, ककड़ी,तरबूज खाने से शरीर में पानी की कमी दूर होगी। डॉ.एनबी सिंह का कहना है कि बाहर निकलना ज्यादा जरूरी हो तभी बाहर निकले और फिजूल में बाहर घूमने से बचें। साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पतालों में हीट वेव का प्रभाव नहीं है। इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बॉर्न डिजीज डॉ.गोपीलाल ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चे बाहर निकल रहें हैं तो छाता लेकर निकले जिससे कड़ी धूप के प्रभाव से बचाव होगा।उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने साथ पानी की बोतल लेकर ही निकले और प्यास लगने पर अपनी प्यास बुझाते रहे। एसीएमओ ने कहा कि कड़ी धूप में दुकानों से ठंडा पानी खरीदारी कर एकाएक सेवन करने बचना होगा और इसके बजाय नार्मल पानी का ही सेवन करें।

# भाजपा दलितों–पिछड़ों के उत्थान की विरोधी– पासवान

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा है कि भाजपा मूल रूप से पिछड़े, दलितो की उन्नति व आरक्षण की विरोधी है। समाजवादी पार्टी की मांग है कि जाति के आधार पर जनगणना हो और प्रत्येक स्तर पर संख्या के अनुपात में एससी,एसटी, ओबीसी, माइनारिटी का रिजर्वेशन तय हो लेकिन भाजपा की सरकार ने जाति आधारित जनगणना न कराकर अपना पिछड़ा ,दलित विरोधी चेहरा उजागर किया गया। श्री पासवान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कहा कि आरक्षण को खत्म करने की मंशा से ही भाजपा की सरकारों ने बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियों का निजीकरण कर दिया है जिससे नौकरियों में पिछड़े, दलितो को आरक्षण न देना पड़े।श्री पासवान ने कहा कि पूर्ववर्ती केन्द्र की भाजपा सरकार के समय में 2001 से 2004 तक भी बड़े पैमाने पर निजीकरण किया गया। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित क्रिस्टोफर जैफरलाट के लेख के अनुसार 2003 में केन्द्र सरकार के एससी कर्मचारी 5.40 लाख थे जो 2012 तक घटकर 4.55 लाख हो गए अब आंकड़ा और नीचे आ गया है। वर्ष 1992 में मंडल आयोग की वजह से ओबीसी रिजर्वेशन शुरू हुआ जिसका भाजपा ने विरोध किया और केन्द्र की सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। 2004 तक केन्द्र की सरकारी नौकरियों में उनकी भागीदारी 16.6 प्रतिशत थी,2014 आते आते वह 28.5 प्रतिशत हो गयी।

# श्रृंगार नगर में लगा रक्तदान शिविर

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी आलमबाग के श्रृंगार नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को बलरामपुर अस्पताल के सहयोग से संत निरंकारी मंडल लखनऊ शाखा द्वारा आलमबाग श्रृंगार नगर में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने लक्ष्य को पार करते हुए एक सौ से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।वहीं डॉ. विनोद गुप्ता प्रभारी ब्लड बैंक ने ब्लड डोनेशन से फायदें साझा करते हुए कहा कि ब्लड डोनेशन करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है,रक्तदान जीवनदान है,कोई भी स्वस्थ आदमी जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष वजन 45 किलोग्राम के ऊपर हो तथा हीमोग्लोबिन 12.30 एमजी डीएल या उसके ऊपर हो, वह रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,रक्तदान से शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया में तीव्रता आती है।इसी क्रम में अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि लगातार सोशल एक्टिविस्ट समूह, स्वयंसेवी में समूह, संस्थाओं एनजीओ आदि के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाते हैं। साथ ही चिकित्सालय में भर्ती होने वाले निराश्रित रोगियों आदि को निशुल्क उपलब्धा भी कराया जाता हैं। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. सूबेदार चिकित्साधिकारी, ब्लड सेंटर, लैब टेक्नीशियन व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में आदर्श आचार संहिता

## न्यायिक कक्षों में गतिरोध उत्पन्न करने वाले प्रत्याशियों पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर गुरुवार को तहसील परिसर में प्रत्याशियो के बीच बैठक हुई।संघ के निर्वाचन को लेकर प्रत्याशियों को नियमावलियों तथा चुनाव आदर्श आचार संहिता की जानकारियां प्रदान की गयी। संघ के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रत्याशियो को बताया कि प्रचार प्रसार के तहत न्यायिक कक्षों मे किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री का उपयोग नही किया जाएगा। तहसील अथवा दीवानी न्यायालय मे चुनाव प्रचार के दौरान न्यायिक कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नही किया जाएगा। निर्देश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ संघ के बनाये नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी। चुनाव समिति के पदाधिकारियों ने प्रत्याशियों से आपसी सौहार्द के बीच चुनाव प्रचार का सकारात्मक माहौल बनाये जाने का अनुरोध किया। समिति द्वारा छः मई को प्रत्याशियों के दक्षता भाषण की भी प्रक्रिया की जानकारियां प्रदान की गयी। समिति ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता हेतु एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में तहसील एवं दीवानी परिसर में देखरेख के लिए एक उप समिति का भी गठन किया है। समिति द्वारा पन्द्रह बिंदुओं की आचार संहिता को प्रभावी बनाए जाने का भी प्रत्याशियों की सामूहिक बैठक में जानकारी दी गयी। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में अनिल त्रिपाठी, टीपी यादव, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह अगई, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, लाल राजेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में हुआ ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी सेमिनार

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी की ट्रैफिक पुलिस द्वारा युवाओं को यातायात की नियमो की जानकारी देकर जागरूक करने के लिए चलाये जा रही अभियान के तहत न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज में यातायात पखवाड़ा का आयोजन कर टी एस आई , हीरो मोटोकॉर्प के ट्रेनर सहित स्कूल की प्रधानाचार्य ने आयोजन में भाग लिया और स्कूली बच्चों और अध्यापकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया।25 अप्रैल से शुरू हुए यातायात पखवाड़ा के दौरान न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज एलडीए पराग रोड पर प्रधानाचार्य आशा राम शुक्ला तथा हीरो मोटोकॉर्प के ट्रेनर सुमित मिश्रा के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस लखनऊ से राहुल वर्मा और टीएस आई आशुतोष त्रिपाठी द्वारा स्कूल कैम्पस में ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी सेमिनार का आयोजन कराया गया।इस दौरान आडियो व विजुअल माध्यम से छात्रों तथा अध्यापकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया और स्कूल में ट्रैफिक वालंटियर की टीम जिनके द्वारा स्कूल खुलने व बंद होने के समय पब्लिक के बीच आकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# ओवरटेक कर रही कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

प्रतापगढ़। बेटे के पास प्रयागराज जा रहे बाइक सवार को ओवर टेक करने के चक्कर में कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाबूराय जहांपुर निवासी सुनील कुमार सिंह उर्फ मुन्नू (50) पुत्र देवीदयाल सिंह गुरुवार की सुबह प्रयागराज में पढ़ाई कर रहे बेटे शिवम सिंह के पास जा रहे थे। वह बाइक पर राशन समेत अन्य सामान लिए थे। वह महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज बाबागंज मार्ग पर झींगुर तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से सुनील बाइक समेत खड्ड में जा गिरे व कार पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में महेशगंज इलाके के कोटवा झींगुर ग्राम निवासी कार सवार सुशील कुमार सरोज पुत्र दयाराम और उसका रिश्तेदार अतुल कुमार निवासी कानपुर नगर भी घायल हो गया। लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया लेकिन सुनील की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि कार सवार घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। लोगों ने बताया कि सामने से डंपर आ रहा था, उसी को ओवर टेक करने के चक्कर में कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हालांकि कि कुछ लोगों में भ्रम की स्थिति रही कि बाइक सवार को डंपर ने टक्कर मारी है। घटना की सूचना पर महेशगंज, संग्रामगढ़ व लालगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आक्रोशित भीड़ गंगा एक्सप्रेस वे में डंपर चालकों और उनके ठेकेदारों की मनमानी को लेकर विरोध कर रही थी। बाद में एसडीएम कुंडा भरतराम पहुंचे तो आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझाया और आश्वासन दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी की ढुलाई में लगे डंपरों की स्पीड और ठेकेदारों की मनमानी पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान करीब दो घंटे तक हीरागंज बाबागंज मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद रहा। सुनील की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है। सुनील खेती और लखपेड़ा बाजार में पटरी बल्ली की दुकान खोलकर करके अपने परिवार का पेट पालतें थें। मृतक का इकलौता पुत्र शुभम सिंह है। उससे बड़ी मृतक की दो पुत्रियां रोली और रीना हैं। पत्नी मंजू समेत सबका रो रो कर बुरा हाल हुआ है। एसएचओ महेशगंज श्रवण सिंह का कहना है कि मृतक के भाई ने कार चालक के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

# जेईई मेन के प्रथम चरण में मेधावियों का शानदार प्रदर्शन

लखनऊ(आरएनएस )। देश के नामीगिरामी तकनीकी संस्थानों में प्रवेश परीक्षा की तैयारी को अग्रणी संस्थान फिटजी के छात्र–छात्राओं ने फिर से गुरुवार को घोषित जेईई मेन अप्रैल 2024 के एनटीए स्कोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके तहत फिटजी लखनऊ के मेधावी छात्र अंशुमान मिश्रा 99.991 परसेंटाइल ने प्रथम स्थान पाकर पूरे शहर में सर्वोच्च परसेंटाइल प्राप्त किया और संस्थान सहित अपने अभिभावकों का मान बढ़ाया।आरोह राय ने 99.984 परसेंटाइल पाकर दूसरा स्थान तो श्रेयस सिंह पालीवाल ने 99.960 परसेंटाइल अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सानवी पुरवार ने 99.937 परसेंटाइल पाकर चौथा तो युग शर्मा ने 99.920 परसेंटाइल प्राप्त करते हुए शहर में पांचवां स्थान प्राप्त किया।केंद्र निदेशक एनके दुबे ने सभी मेधावियों को भगवद गीता पुस्तक की एक–एक प्रति भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। उन्होंने बताया कि इस बार हमारे यहां से 78 से अधिक छात्रों ने 99 परसेंटाइल, 128 से अधिक ने 98 परसेंटाइल से अधिक, 209 से अधिक ने 95 परसेंटाइल और 335 से अधिक छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की।

# बैठक में डीएम के अधिकारियों को निर्देश

## आचार संहिता का क्षेत्रों में कड़ाई से कराएं अनुपालन

प्रतापगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चुनाव आयोग के एक–एक निर्देशों के बारे में विस्तार से चर्चा की। चुनाव के संबंधा में तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की। सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी प्रभारी अधिकारियों ने चुनाव के समंध में सौपे गये कार्यो व तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम को जानकारी दी। डीएम ने प्रभारी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य को कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने के प्रति उत्तरदायी होगें। यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो रही है तो उसे सम्बन्धित उच्चाधिकारी को संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुये चुनाव सम्पन्न करायें। विधानसभावार जो भी कार्य किये जाये उन सबका लेखा–जोखा रखा जाये। अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि उड़नदस्ता टीमों द्वारा जो भी नकदी पकड़ी जाये उसे कोषागार के डबल लॉक में रखा जाये। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का क्षेत्रों में कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। अपने अपने क्षेत्रों में निरन्तर निगरानी करते रहे। यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाये तो आवश्यक कार्रवाई की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करने को कहा। बैठक में सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, डीडीओ राकेश प्रसाद सहित समस्त उपजिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुले मेनहोल, सीवर इत्यादि की सूचना देने के लिए जारी हुआ सीयूजी नंबर

लखनऊ(आरएनएस)। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह जी के निर्देशानुसार नगर निगम लखनऊ द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा जारी इस नंबर पर संपर्क कर सकते है सीयूजी नम्बर ‘6390909044’ जारी किया गया है। सर्वसाधारण एवं सभी नागरिकों को को सूचित किया जाता है, की नगर निगम परिक्षेत्र के अंदरकहीं भी मेनहोल, सीवर गडढे इत्यादि खुले पड़े हो जिससे जान माल का नुकसान होने की स्थिति हो उसकी सूचना उक्त सीयूजी नम्बर पर फोटो व लोकेशन के साथ दर्ज करवाई जा सकती है।जिससे कि प्राप्त हुई सूचनाओं का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभाव से उनको निस्तारित किया जा सके।

# 94 आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण डे के साथ मनाया गया सास बहू ननद सम्मेलन, लगभग चार हजार सदस्यों ने किया प्रतिभाग

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 94 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3485 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान–मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। सिरौलीगौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र में सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत



बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे।बाल विकास परियोजना सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है इसलिये मतदान अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है।बाल विकास परियोजना फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरुक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक हैं उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे।बाल विकास परियोजना निन्दूरा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। प्रतिभागियों ने कहा कि एक–एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे। बाल विकास परियोजना देवा के आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण डे के साथ–साथ आगामी 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव में वोट डालने हेतु शपथ दिलायी गयी। उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि मतदान से लोकतत्रं मजबूत होता है हम सभी परिवार के साथ मतदान करने जायेगे। बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों के साथ–साथ समस्त ग्राम वासियों ने भी शपथ लिया कि हम मतदान अवश्य करेगें। रामनगर में सास बहू सम्मेलन में ग्राम की महिलाओं को इकट्ठा किया गया जिसमें समस्त महिलाओं ने कहा हम सभी लोग अपना काम छोड़कर मतदान स्थल पर अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करेगें। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# डीएम ने जीआईसी आडिटोरियम से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## डीएम ने महिला मतदाताओं को सम्मानित कर मतदान का दिलाया संकल्प

बाराबंकी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग बाराबंकी एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ बाराबंकी द्वारा महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं विशाल स्कूटी रैली धतिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सबसे पहले पांच महिला मतदाताओं को जिसमें 18 वर्ष की प्रथम मतदाता कुवआरती, दिव्यांग मतदाता गीता यादव, वरिष्ठ मतदाता श्रीमती विंधयवासिनी मिश्रा, बुजुर्ग मतदाता श्रीमती रामावती एवम युवा मतदाता प्रीति वर्मा को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अवसुदन,उप जिलाधिकारी नवाबगंज श्री विजय कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता मिश्रा ,जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी श्री ओवपीव त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी बंकी श्री राम नारायण यादव सहित सम्मानित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सभी महिला मतदाताओं शत प्रतिशत मतदान करने के लिए और यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी श्री अवसुदन ने महिला शिक्षिकाओं से कई सवाल पूछे जैसे सबसे पहले महिला मतदान कहां शुरू हुआ और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी ? पिछले कई सालों के



बाराबंकी के मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड देखते हुए कहा महिला वोटर का प्रतिशत सबसे कम रहा है इसी कम प्रतिशत को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी श्री अवसुदन ने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर और हवा में गुब्बारे उड़ा कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश देकर कार्यक्रम को गतिमान किया। तत्पश्चा जिला निर्वाचन अधिकारी ने जीआईसी ऑडिटोरियम से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।महिलाओं ने स्कूटी रैली में वोटर को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छोड़ो सारे अपने काम सबसे पहले करो मतदान, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,स्लोगन लिखे तख्तियां और तिरंगा लेकर के जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया रैली जीआईसी ऑडिटोरियम से कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, छाया चौराहा से होते हुए ऑडिटोरियम वापस पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष देव पांडे एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना मौर्य द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा सेंगर ब्लॉक निंदूरा ,श्रीमती आराधना अवस्थी ब्लॉक फतेहपुर, श्रीमती अर्चना यादव ब्लॉक हरख, जिलाध्यक्ष श्रीमती अलका गौतम द्वारा स्कूटी रैली में प्रतिभाग किया गया। इस भव्य रैली में शहनाज परवीन, साधना सिंह, इंदु श्रीवास्तव, मोहिनी त्रिपाठी,प्रीति सिंह, लीलावती ,उर्मिला वर्मा, रंजना सहाय, ऋचा सिंह ,नजमुस सहर , बुशरा खानम, प्रीति वर्मा, से आई सैकड़ो महिला शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# अखिलेश यादव ने आज कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रस्तावक जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी कन्नौज कलीम खान, कल्याण सिंह दोहरे, आकाश मौर्य तथा यश दोहरे के अतिरिक्त राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल भी नामांकन के समय मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय के प्रांगण में आयोजित जनसभा में सर्वप्रथम आए हुए नेताओं, कार्यकर्ताओं, कन्नौज की जनता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यहां पर उपस्थित जनसमूह ने आज नामांकन के दिन ही तय कर दिया है कि कन्नौज से समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। यह जोश और उत्साह बता रहा है कि कन्नौज की जनता इस बार रिकार्ड बनाने जा रही है। श्री यादव ने कहा कि मैं कन्नौज की जनता को भरोसा दिलाता हूं कि कन्नौज की जो खुशबू, पहचान और भाईचारे की संस्कृति है। उसे और आगे बढ़ाऊंगा। कन्नौज में विकास का ऐसा काम करेंगे कि वह इतिहास में दर्ज होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए और समाजवादियों के लिए यादगार दिन है, मैं याद करता हूं कि जब पहली बार नामांकन करने आया था तब मुझे नेताजी ने भेजा था। कन्नौज की जनता ने मुझे सांसद बनाया था। तब पार्टी के तमाम नेता आए थे, उनमें से जनेश्वर मिश्र जी आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने जो आह्वान किया था और रास्ता दिखाया था उसी रास्ते पर हम लोग चल रहे हैं। नामांकन में श्री अमर सिंह, आजम खान साहब समेत तमाम ऐसे नेता आए थे, उन सभी का हमें आशीर्वाद मिला था।अखिलेश यादव ने कहा कि हमने कन्नौज में विकास किया। आज कन्नौज के विकास की पहचान इस क्षेत्र के साथ–साथ पूरी दुनिया तक पहुंची है। चाहे वह एक्सप्रेस वे सड़क हो या इत्र के क्षेत्र में किया गया कार्य। कन्नौज की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। उन्होंने कहा कि मैं कन्नौज की जनता को भरोसा दिलाता हूं कि यहां के इत्र के लिए, नौजवानों के लिए और विकास के लिए जो कार्य अधूरे रह गए हैं उन्हें आगे बढ़ाऊंगा। आज जिस जोश और उत्साह के साथ आप लोग यहां मौजूद हैं, अगर इसी जोश और उत्साह के साथ गांव में जाकर अपने बूथ पर काम करेंगे तो कन्नौज से समाजवादी पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जीत होगी। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने बूथ को जिताने की जिम्मेदारी लेनी होगी। मुझे पूरा भरोसा है कि लोकसभा चुनाव में देशभर में जो बड़ी जीते होंगी, उसमें कन्नौज की जीत भी शामिल होगी।

# संपादकीय

## गलत डाइट लेने का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्र्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप–2 डायबिटीज है। वह सुबह–शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड–शुगर लेवल ऊपर–नीचे होता रहता है। उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है।वह आप सरकार के काम–काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

## उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि श्आर्य सभ्यताच् भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय श्राखीगढ़ीमैनच् के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में श्ईट, मोती और हड्डियां रू हड़प्पा सभ्यताच् पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।2003 में श्अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्सच् में प्रकाशित इस शोध–पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली–राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग–अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर–कंकाल मिले। भिन्न आकार–आकृति के हवन–कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक–अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। श्आर्योंच् के ऊपर श्आनुवांशिकीच् के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपत है और इन भाषाओं का उद्‌गम स्रोत संस्कृत है।बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल श्सप्त सिंधुच् मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली




सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हालांकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन श्इंडियाश ने श्उलगुलान न्याय महारैलीश का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े–बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने श्जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगेश और श्झारखंड झुकेगा नहींश जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। श्उलगुलानश शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमजोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है। देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180–190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना जरूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, श्पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत खराब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।श जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, श्इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।श प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10–15 हजार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ्लॉप कहा जाना चाहिए।" हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाकों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतजाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें। उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रैली में शामिल नहीं हुए राहुल गांधी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। इस वजह से वे रैली में शामिल नहीं हुए।सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। न नहीं सभी दलों द्वारा सर्व सम्मत नेता ही चुना गया।दरअसल विपक्षी दलों का यह गठबंधन, उन दलों का भी गठबंधन कहां जा सकता है, जो दल भाजपा के साथ नहीं जा सके। अवसर नहीं मिला। इस विपक्षी दलों के आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को खड़ा करने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान रहा। ये सब उन्हीं की मेहनत से खड़ा हुआ। किंतु मौके की तलाश में बैठे नीतीश कुमार अवसर मिलते ही इस गठबंधन से किनारा करके बिहार में भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बना ली। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने किया। भाजपा से बात पक्की होने तक वे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं के साथ थे। बात पक्की होते ही उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। 28 दलों वाले इस एलायंस में प्रायः वह ही दल हैं जिनकी अपने प्रदेश में सरकार है। प्रदेश में सरकार होने के कारण वह भाजपा से गठबधंन नही कर पा रही। चुनाव का एक चरण बीत गया। दूसरा 26 को है। इसके बाद पांच चरण शेष हैं। लगता है कि ये भी जल्द ही हो जांएगे, विपक्ष के 28 दलों के श्एलाइंस इंडियाश का मिनिमम कार्यक्रम तय हुआ। ये बैठकर कोई ऐसा एजेंडा भी नही बना पाए कि बहुमत में आने पर किस कार्यक्रम पर वे सरकार चलांएगे। दूसरा उनका संयुक्त प्रधानमंत्री कौन होगाध् क्या कुछ प्रदेशों की तरह तीन या छह.छह माह में अब प्रधानमंत्री भी बदले जांएगे। जो भी हो विपक्षी गठबंधन इंडिया का जैसे अच्छा नाम मिली था, वैसा कुछ आगे नही हुआ। उसने निराश ही किया। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 दलों के गठबंधन से उम्मीद काफी ज्यादा थीं, किंतु वह एक पर भी खरा नही उतर सका। ये सारे दल अलग.अलग विचार और सिद्धांतों के मानने वाले हैं। ऐसे में एकजुट होने के लिए इनका कॉमन एजेंडा भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर इनकी एकजुटता छलावा है। धोखा है। अब तो इनका का उददेश्य केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया। आलोचनाएं भी सकारात्मक नही। नकारात्मक।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलतियों पर आवेश में आने की बजाय उन्हें सहजता समझने की कोशिश करें।

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

मिथुन राशि–आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। कई दिनों से मन चल रही किसी बात से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे।

कर्क राशि–आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज किसी समारोह होने के कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे।

सिंह राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार का हंसी–मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं, वो आज अपने काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

कन्या राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड–धूप करेंगे। इस राशि के जो छात्र किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे।

तुला राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। पहले निवेश किया हुआ पैसा आज आपको मिलेगा, जिससे अपने रुके कार्यों को पूरा करेंगे।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा।

धनु राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपका मन हल्का रहेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों का काम बढ़िया चलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशि–आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज विचारों में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे।

कुंभ राशि–आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

मीन राशि–आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। काम के दबाव से निकलकर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे।

# ईवीएम पर बार-बार सवाल उठाना गलत हरदीप पुरी




केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा विपक्ष को हार की कुंठा कहीं तो निकालनी ही पड़ेगी। चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा, सभी चुनौतियों से भरे होते हैं। सोशल मीडिया का जमाना है और एआई तकनीक के मकड़जाल के दौर में स्वतंत्र चुनाव कराना आयोग के समक्ष निश्चित रूप से चुनौती है।विपक्ष ईवीएम मशीन को लेकर एक बार फिर सत्ता पक्ष पर हमलावर हुआ है। हालांकि, मामला सुप्रीम कोर्ट में है, जहां लगातार बहसें हो रही हैं। विपक्ष के तमाम आरोपों को पत्रकार रमेश ठाकुर के साथ बातचीत में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दूर करने की कोशिश की। पेश हैं बातचीत के मुख्य हिस्से।उत्तरः विपक्ष को हार की कुंठा कहीं तो निकालनी ही पड़ेगी। चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा, सभी चुनौतियों से भरे होते हैं। सोशल मीडिया का जमाना है और एआई तकनीक के मकड़जाल के दौर में स्वतंत्र चुनाव कराना आयोग के समक्ष निश्चित रूप से चुनौती है। पर, 'भारतीय चुनाव आयोग' ऐसे अजन्मी समस्याओं से हर सूरत में निपटने को तैयार है। चुनाव की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के लिए आयोग नई आधुनिक तकीनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। आयोग में काबिल ऑफिसर हैं। आयोग पर बेशक विपक्ष कितना भी आरोप क्यों न लगाए। लेकिन ये सच है हमारा आयोग निष्पक्ष और सशक्त है। प्रत्येक चुनौतियों से निपटकर आयोग साफ–सुथरा चुनाव संपन्न करवाएगा। उत्तरः मुझे लगता है कि स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनावी प्रक्रिया की अवधारणा, समानता व स्वंतंत्रता के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हो चुकी है। ईवीएम का इस्तेमाल भारत में ही नहीं, बल्कि तमाम पड़ोसी मुल्क भी ईवीएम और भारतीय चुनाव आयोग की मदद लेते हैं। उनको भी ईवीएम में कभी कोई खामियां नहीं दिखीं। फिर विपक्ष का बार–बार ईवीएम पर छाती पीटना और रोना–चिल्लाना, कोई तुक नहीं बनता? आयोग ने कई मर्तबा ईवीएम की तकनीकों के संबंध में जैसे, डिवाइस, मॉनिटरिंग सिस्टम व इस्तेमाल के तरीकों से विपक्ष के नेताओं का अवगत करवाया है। बावजूद इसके हारने के बाद विरोधी खेमा अपनी पराजय की कुंठा ईवीएम पर निकालते हैं। हालांकि, मौजूदा चुनाव में मुझे नहीं लगता, ईवीएम का कोई मुद्दा है। प्रश्नः पहले चरण में मतदान उम्मीद से भी कम हुआ? उत्तरः ये बड़ा विषय है। मुझे लगता है इस पर पक्ष–विपक्ष को मिलकर व्यापक स्तर पर चर्चा करनी जरूरी? क्योंकि ये मुद्दा सिर्फ सत्ता पक्ष के लिए ही जरूरी नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए भी उतना ही महत्व रखता है। चुनाव चाहे छोटे हो, या बड़े उनमें मतदाताओं की उदासीनता के कारणों को जानना आयोग के लिए अतिजरूरी हो जाता है। क्योंकि चुनावों में आयोग की भूमिका बहुत बड़ी होती है। लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने में जिस तरह से चुनाव आयोग अपना रोल निभाता है, जिसपर लोग आंखमूंद कर भरोसा करते है। देश चाहता है आयोग अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाए। कोई कमी न रहे, इसलिए केंद्र सरकार आयोग को हर जरूरत मुहैया करवाता है। फिलहाल आयोग की टीमें सशक्त हैं, काबिल से काबिल अफसर विभाग में हैं। प्रश्नः चुनाव आयोग की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं? उत्तरः मुझे लगता है बहुत मजबूती से आयोग इस बार के चुनाव में लगा है। धरपकड़ तेज है। पहले चरण के चुनाव से पूर्व आयोग ने 4658.13 करोड़ रूपए जब्त किए हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में राजस्थान से नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुएं, मुफत बांटी जाने वाली वस्तुएं और अवैध नकदी पकड़ी है। आयोग के मुताबिक ये सिलसिला पूरे चुनाव में सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में जारी रहेगा। आयोग ने खुद माना है कि 75 वर्ष के चुनावी इतिहास में इतनी बड़ी जब्ती हुई है। देखिए, आरोप लगाना बड़ा आसान होता। आरोप लगाने से पहले थोड़ा ये जरूर सोचना चाहिए कि बिलावजह के आरोपों से आयोग का मनोबल कमजोर भी होगा। आयोग स्वंतत्र संस्था है, उसे खुलकर काम करने देना चाहिए। मोदी सरकार में सभी संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम कर रही हैं। उत्तरः देखिए, ऐसी सूचनाएं मात्र अफवाह सी लगती हैं। इसमें कोई दम नहीं है? चुनावों में वोटरों को लुभाने एवं भ्रमित करने को पेड न्यूज और स्टिंग ऑपरेशन के बाद हैकर्स गड़बड़ी करते जरूर हैं।

पर, ऐसी हरकतों से निपटने के लिए इस बार चुनाव आयोग ने अलग से एआई विभाग भी गठित किया है, जो ऐसे तत्वों पर पैनी नजर रखे हुए है। मेरी अपील है कि वोटर किसी भ्रम में न पड़े, निश्चिंत होकर बूथ जाएं और अपना मतदान करें।

# इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के खाने में मिलाया गया `टायलेट क्लीनर' प्रवक्ता

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की प्रवक्ता मशाल युसूफजई ने दावा किया कि उनके इफ्तार वाले भोजन में 'टायलेट क्लीनर' की दो से तीन बूंदे मिलाई गईं थीं। 24 फरवरी को शब–ए–बारात के दौरान दिए गए भोजन में कथित तौर पर यह क्लीनर मिलाया गया था। इस्लामाबाद । जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके इफ्तार वाले भोजन में 'टायलेट क्लीनर' की दो से तीन बूंदे मिलाई गईं। उन्होंने दावा किया कि क्लीनर कथित तौर पर 24 फरवरी को शब–ए–बारात के दौरान दिए गए भोजन में मिलाया गया। जियो न्यूज ने बुशरा बीबी की प्रवक्ता मशाल युसूफजई के हवाले से कहा, ''हमने पाया कि बुशरा बीबी के इफ्तार वाले भोजन में दो से तीन बूंदे 'टायलेट क्लीनर' की मिलाई गई थीं।'' उन्होने दावा किया कि उस दिन के खाने के बाद बुशरा की तबीयत खराब हो गई और हर रोज उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले उन्हें रक्तचाप और मधुमेह सहित कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, '' गिरफ्तारी के बाद से बुशरा बीबी की सेहत खराब हो रही हैं, कुछ तो उनके साथ हुआ है।'' बुशरा और इमरान खान की शादी को फरवरी में 'गैर इस्लामिक निकाह' घोषित किए जाने के बाद से वह दो अलग–अलग मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद से गाला के अपने मकान में कैद हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की सलाहकार यूसुफजई ने सवाल किया कि जब अदालत तीन सप्ताह से अधिकारियों को निर्देश दे रही थी कि बुशरा की चिकित्सा जांच कराई जाए तो उसने ऐसा क्यों नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुशरा बीबी को इमरान खान की पत्नी होने की वजह से निशाना बनाया जा रहा है।



# पाकिस्तान के कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप, लोग घरों से बाहर निकले

कराची। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 12 किलोमीटर नीचे था लेकिन इसके झटके कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी कस्बे समेत शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किये गये जहां लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकल गए। पाकिस्तान के सबसे बड़े महानगर कराची में बुधवार की रात रिक्टर पैमाने पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आने से घबराए लोग अपने–अपने घरों से निकलकर बाहर एकत्र हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भूकंप के झटके महानगर के बाहरी इलाकों में महसूस किये गये। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 12 किलोमीटर नीचे था लेकिन इसके झटके कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी कस्बे समेत शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किये गये जहां लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके कई सेकंड तक महसूस किये गये जिससे बड़ी आबादी वाले इलाकों में से एक बहरिया कस्बे के एक घर की दीवार में दरार आ गई। कहीं से भी किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। कराची में लंबे समय बाद भूकंप का कोई झटका महसूस किया गया। पिछले साल 16 अक्टूबर को कराची के विभिन्न हिस्सों में 3.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये थे।



# सेना ने 200 से ज्यादा आम लोगों की जान ली `ह्यूमन राइट्स वाच'

'ह्यूमन राइट्स वॉच' द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि सैन्य बलों ने चरमपंथियों के साथ सहयोग करने के आरोप में बुर्किना फासो में दो गांवों पर हमला कर बच्चों समेत 223 आम लोगों को मार डाला। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह जनसंहार 25 फरवरी को हुआ था। डाकार । बुर्किना फासो में सैन्य बलों ने चरमपंथियों के साथ सहयोग करने के आरोपी दो गांवों पर हमला कर बच्चों समेत 223 आम लोगों को मार डाला। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जनसंहार 25 फरवरी को देश के उत्तरी हिस्से में स्थित नोंदिन और सोरो गांवों में किया गया तथा मृतकों में करीब 56 बच्चे शामिल हैं। मानवाधिकार संगठन ने संयुक्त राष्ट्र और अफ्रीकी संघ से जांचकर्ता उपलब्ध कराने और जनसंहार के जिम्मेदार लोगों को इंसाफ के कटघरे में लाने के स्थानीय प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया है। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की कार्यकारी निदेशक तिराना हसन ने एक बयान में कहा कि नोंदिन और सोरो गांवों में जनसंहार बुर्किना फासो की सेना द्वारा अपने आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान आम लोगों की हत्या करने की कड़ी में नया मामला है। उन्होंने कहा कि मानवता के खिलाफ संभावित अपराध की विश्वसनीय जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जरूरी है। बुर्किना फासो की सरकार के प्रवक्ता ने 25 फरवरी को हुए हमले को लेकर टिप्पणी के आग्रह का जवाब नहीं दिया। देश में आतंकवादी संगठन अल–कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह के सदस्य राष्ट्र समर्थक बलों पर हमला करते हैं। दोनों पक्षों ने आम लोगों को निशाना बनाया है जिससे 20 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं।



# वाइडेन ने यूक्रेन, इजराइल और ताइवान को युद्ध सहायता भेजने संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए




यूक्रेन, इजराइल और ताइवान को युद्ध सहायता के तौर पर 95 अरब अमेरिकी डॉलर भेजने संबंधी विधेयक पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हस्ताक्षर कर दिए। संसद में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के विरोध के बीच यूक्रेन को सहायता भेजने वाले विधेयक को मंजूरी मिली थी। राष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि इस समय ऐसा करना जरूरी था। वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन, इजराइल और ताइवान को युद्ध सहायता के तौर पर 95 अरब अमेरिकी डॉलर भेजने संबंधी विधेयक पर बुधवार को हस्ताक्षर कर दिए। यूक्रेन को सहायता भेजने को लेकर संसद में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के विरोध के बीच इस विधेयक को मंजूरी मिली थी। बाइडन ने हस्ताक्षर की घोषणा करते हुए व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''इस समय ऐसा करना जरूरी था। हमने साथ आकर ऐसा कर दिया। अब, हमें तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है और हम बढ़ रहे हैं। हालांकि, अगस्त में वित्तपोषण को लेकर गतिरोध के चलते रूस का सामना करने के लिये यूक्रेन को मदद भेजने के बाइडन प्रशासन के प्रयासों को काफी नुकसान पहुंचा है। उस समय डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडन ने यूक्रेन को सहायता पहुंचाने के लिए पहले आपात पैकेज का अनुरोध किया था। नए हथियारों और गोला–बारूद मिलने के बावजूद, यह संभावना नहीं है कि यूक्रेन महीनों की असफलताओं के बाद अब जल्द ही युद्ध में बढ़त हासिल कर पाएगा। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, बाइडन ने कहा कि सहायता राशि का हस्तांतरण "कुछ ही घंटों" में शुरू हो जाएगा, जिसके तहत यूक्रेन को लगभग 61 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद दी जाएगी।

# रूस ने अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की होड़ पर रोक लगाने वाले प्रस्ताव पर वीटो किया



अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस द्वारा वीटो किया जाना यह सवाल उठाता है कि सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है। संयुक्त राष्ट्र। रूस ने सभी देशों पर अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव पर बुधवार को वीटो किया। यह प्रस्ताव अमेरिका और जापान ने पेश किया था। पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने इसका विरोध किया और चीन ने मतदान से दूरी बनाई। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने में सक्षम नहीं है। प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर ऐसे किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो भारी तबाही का कारण बने। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 के अंतरराष्ट्रीय संधि के अंतर्गत प्रतिबंधित है। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस द्वारा वीटो किया जाना यह सवाल उठाता है कि सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है। व्हाइट हाउस ने फरवरी में इस बात की पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है। 18 मार्च को थॉमस–ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव की घोषणा की थी। पुतिन ने बाद में इस बात की घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है।उन्होंने दावा किया कि रूस ने केवल अमेरिका के समान अंतरिक्ष क्षमताएं विकसित की हैं।

# इण्डिया के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग को गति देने के लिए श्रीलंका है तत्पर



आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के यहां उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर विचार कर रहा है और इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा। उन्होंने कहा कि एक उभरती अर्थव्यवस्था भारत और श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक–दूसरे के पूरक होंगे। कोलंबो । श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर विचार कर रहा है। इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा। भारतीय कंपनी आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के यहां उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि एक उभरते हुए आर्थिक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति और एक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक–दूसरे के पूरक होंगे। विक्रमसिंघे ने कहा, '' मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह (आईटीसी रत्नादीपा) श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ाने में मदद करेगा, खासकर भारत से... यह उस बयान के अनुरूप है जिस पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और मैंने पिछले साल हस्ताक्षर किए थे ....'' दोनों देशों को अधिक सहयोग से होने वाले लाभ उन्होंने कहा, '' भारत अब उभरते आर्थिक दिग्गजों में से एक है और हम (श्रीलंका) लॉजिस्टिक्स के मामले में भारत के बाद एक महत्वपूर्ण स्थान पर हैं।'' पर्यटन क्षेत्र पर खासतौर पर विक्रमसिंघे ने कहा, '' मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई वर्षों तक, श्रीलंका छुट्टियां बिताने के लिए उपयुक्त स्थान रहेगा। आने वाले समय में बेंगलुरु, चेन्नई या हैदराबाद में किसी व्यक्ति के लिए विमान के जरिए यहां आना भारत के उत्तरी हिस्से में जाने से अधिक आसान होगा।'' आईटीसी का नया होटल किसी भी भारतीय कंपनी द्वारा श्रीलंकाई आतिथ्य क्षेत्र में सबसे बड़े निवेश (करीब 3,000 करोड़ रुपये) में से एक है। इसका जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि यह दुनिया के अन्य हिस्सों से कई अन्य होटल, कई अन्य कंपनियों को यहां आने और निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन, अराजकता का माहौल, दर्जनों गिरफ्तारियां




कोलंबिया, हार्वर्ड, यूएससी, ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय और अन्य जगहें प्रदर्शनकारियों से घिरी नजर आ रही है। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने पर यूएस पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ रहा है। टेक्सास राज्य के सैनिकों को तैनात किया गया है और कथित तौर पर ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में दर्जनों गिरफ्तारियां की गई हैं।गाजा के साथ इजरायल के युद्ध को लेकर कई अमेरिकी विश्वविद्यालय परिसरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन तेज होने के कारण संयुक्त राज्य भर में कॉलेज परिसरों में बड़े पैमाने पर अराजकता फैल गई। कोलंबिया, हार्वर्ड, यूएससी, ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय और अन्य जगहें प्रदर्शनकारियों से घिरी नजर आ रही है। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने पर यूएस पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ रहा है। टेक्सास राज्य के सैनिकों को तैनात किया गया है और कथित तौर पर ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में दर्जनों गिरफ्तारियां की गई हैं। 100 राज्य सैनिकों और कुछ स्थानीय लोगों के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद टेक्सास विश्वविद्यालय के ऑस्टिन परिसर में 34 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह का दृश्य दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सामने आया जब पुलिस ने एक फिलिस्तीनी छात्र आयोजक को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें वीडियो में पुलिस को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अपने डंडे निकालते हुए दिखाया गया। हार्वर्ड में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने शिविर स्थापित करने के लिए परिसर पर धावा बोल दिया, जिसके कुछ दिनों बाद विश्वविद्यालय ने यार्ड तक केवल हार्वर्ड आईडी धारकों के लिए प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया था। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में हलचल एक जिम में शुरू हुई, लेकिन दोपहर के भोजन के समय तक लगभग 200 छात्र इकट्ठा हो गए थे। द टेक्सस ट्रिब्यून के अनुसार, विरोध प्रदर्शन का आयोजन विश्वविद्यालय की फिलिस्तीनी एकजुटता समिति द्वारा किया गया था। प्रदर्शन को रोकने के लिए लगभग 100 राज्य सैनिक वहां पहुंचे, यूटी डिवीजन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स ने एक बयान जारी कर कहा कि इस आंदोलन को टेक्सास विश्वविद्यालय का समर्थन नहीं था।

# च्नजपद का बड़ा धमाका, एक साथ 10 टारगेट ध्वस्त, दोस्त रूस से भारत को मिलेगा गाड आफ फायर!



रूस ने दुनिया के सबसे खतरनाक एयर डिफेंस सिस्टम एस 500 को सेना में शामिल करने की तारीख बता दी है। एस 500 हाइपरसोनिक मिसाइल से लेकर अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट तक को तबाह कर सकता है। भारत के लिए यह खबर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस बहुत पहले ही यह ब्रह्मास्त्र भारत को देने की पेशकश कर चुका है। रूस भारत का बेहद करीबी मित्र है। भारत पर अगर कभी किसी ने उंगली उठाई या अंतरराष्ट्रीय मंच पर कभी समर्थन की जरूरत पड़ी तो रूस ने हमेशा पहली कतार में खड़े होकर या फिर यूं कहें कि भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। अब खबर है कि रूस ने एस 500 मिसाइल बनाकर पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। रूस यूक्रेन वार और अमेरिका से कीव को मिल रहे हथियारों की नई खेप की खबरों के बीच रूस के रक्षा मंत्री ने एक नया ऐलान करके अमेरिका, यूक्रेन और सहयोगियों की बेचैनी बढ़ा दी है।रूस ने दुनिया के सबसे खतरनाक एयर डिफेंस सिस्टम एस 500 को सेना में शामिल करने की तारीख बता दी है। एस 500 हाइपरसोनिक मिसाइल से लेकर अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट तक को तबाह कर सकता है। भारत के लिए यह खबर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस बहुत पहले ही यह ब्रह्मास्त्र भारत को देने की पेशकश कर चुका है। एस–400 के बाद भारत एस 400 से कहीं अधिक घातक और अंतरिक्ष तक हमला करने में सक्षम इस महाविनाशक हथियार को भी हासिल करने वाला है। यह हथियार भारत को मिल गया तो चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की मुश्किलें कितनी बढ़ जाएगी यह आप समझ ही सकते हैं। क्या है एस 500 की खासियत एस–500 कितना शक्तिशाली है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें लगी मिसाइलें अंतरिक्ष में मौजूद किसी भी लक्ष्य को पलक झपकते ही नष्ट करने में सक्षम है। ˝–500 मिसाइल सिस्टम को रूसी हथियार कंपनी अल्माज–एनेटी कॉर्पोरेशन ने बनाया है। यह वही कंपनी है, जिसने इसके पहले ˝–300 और ˝–400 का उत्पादन किया है। रूस का दावा है कि इस सिस्टम के अत्याधुनिक रडार से दुश्मनों के स्टील्थ लड़ाकू विमान भी बच नहीं पाएंगे।

# अमेरिका छात्रों ने कालेजों से इजराइल का समर्थन करने वाले निवेश को बंद करने की मांग की

कोलंबिया में विरोध कर रहे महमूद खलील ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र 2002 से इजराइल का समर्थन करने वाले निवेश को बंद करने पर जोर दे रहे हैं। ''हम उनसे इजराइल में निवेश न करने का आह्वान कर रहे हैं। '' इजराइल–हमास के बीच जारी युद्ध के खिलाफ अमेरिका के अनेक हिस्सों में छात्रों का विरोध–प्रदर्शन और तेज हो गया है और छात्रों ने कॉलेजों से इजराइल का समर्थन करने वाले निवेश को बंद करने की मांग की है। इन छात्रों की यह भी मांग है कि अमेरिका को इजराइल के साथ कारोबार बंद कर देना चाहिए। छात्र अपनी इस मांग के सिलसिले में अभियान भी चला रहे हैं। इस मांग का छात्रों की, फलस्तीन संबंधी इजराइली नीतियों के खिलाफ दशकों पुरानी उनकी मुहिम से संबंध है। इजराइल–हमास युद्ध ने इस मुहिम को धार दे दी है।पिछले सप्ताह कोलंबिया विश्वविद्यालय में इजराइल के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन कर रहे 100 से अधिक छात्रों को गिरफ्तार किए जाने के बाद दूसरी जगहों पर इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।मैसाचुसेट्स से कैलिफोर्निया तक छात्र अब सैकड़ों की संख्या में कॉलेज परिसरों में इकट्ठा हो कर तंबू शिविर लगा रहे हैं और अपनी मांगें पूरी होने तक वहीं डेरा डालने के लिए कह रहे हैं।कोलंबिया में विरोध कर रहे महमूद खलील ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र 2002 से इजराइल का समर्थन करने वाले निवेश को बंद करने पर जोर दे रहे हैं। ''हम उनसे इजराइल में निवेश न करने का आह्वान कर रहे हैं। ''उन्होंने कहा, गाजा में हो रहे नरसंहार के लिए विश्वविद्यालय को कुछ करना चाहिए। उन्हें निवेश बंद करना चाहिए। दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर को हमास के घातक हमले के बाद कैंपस में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था।

# भारत के घरेलू क्रिकेटर्स की बढ़ेगी सैलरी, बीसीसीआई कर रहा प्लानिंग




दरअसल, बीसीसीआई जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी से इसका प्लान तैयार करने को कहा है। ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब हाल ही में बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाने के इरादे से इंसेंटिव स्कीन शुरू की है।बीसीसीआई अब घरेलू क्रिकेटर्स पर भी पैसों की बारिश कर सकती है। दरअसल, बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी से इसका प्लान तैयार करने को कहा है। ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब हाल ही में बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाने के इरादे से इंसेंटिव स्कीन शुरू की है। बता दें कि, बीसीसीआई का मानना है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल सकता है। बीसीसीआई के नए प्लान के मुताबिक घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की संख्या के आधार पर सालाना 1 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सालान सैलरी दे सकती है। मौजूदा वक्त में घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर सैलरी मिलती है। 40 से ज्यादा रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को हर दिन मैच फीस के रूप में 60 हजार रुपये मिलते हैं। वहीं 21 से 40 मैच खेल चुके प्लेयर्स को 50 हजार रुपये तक मिलते हैं। इसी तरह 20 मैच खेल चुके खिलाड़ियों को हर दिन के 40 हजार रुपये मिलते हैं। मार्च में, बीसीसीआ सचिव जय शाह ने खिलाड़ियों को रेड बॉल क्रिकेट की तरफ आकर्षित करने के इरादे से टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना का खुलासा किया था। इस स्कीम के तहत भारत के लिए 75 फीसदी से ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की फीस में 300 फीसदी तक का इजाफा होगा।

# पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर बिस्माह मारूफ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। बिस्माह न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ ले जाने के कराण सुर्खियों में आयी थीं। उन्होंने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। कराची । एक चौंकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ लेकर गई बिस्माह ने सुर्खियां बंटोरी थी। वह वेतन के साथ 12 महीने का मातृत्व अवकाश पाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर रहीं। बायें हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिये 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाये और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिये। बिस्माह ने एक बयान में कहा ,'' मैं उस खेल से विदा ले रही हूं जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्यार है। यह शानदार सफर रहा जिसमें कई चुनौतियां , जीत और यादगार लम्हे हमने देखे।'' उन्होंने कहा ,'' मैं अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं जिसने इस पूरे सफर में मेरा साथ दिया। इसके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद दूंगी।'' बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।

# टी 20 वर्डकप 2024 के लिए इण्डिया पाकिस्तान मुकाबले के लिए रिलीज हुआ प्रोमो,



गुरुवार को भारत और पाकिस्तान मैच से जुड़ा प्रोमो वीडियो जारी किया। दरअसल, 2 जून से शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ में भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को भिड़ंत होगी। जिसके बाद स्टार स्पोर्ट्स ने इस मैच से पहले प्रोमो शेयर कर सबको उत्साहित कर दिया है।टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रॉडकास्टिंग पार्टनर स्टार स्पोर्ट्स ने गुरुवार को भारत और पाकिस्तान मैच से जुड़ा प्रोमो वीडियो जारी किया। दरअसल, 2 जून से शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ में भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को भिड़ंत होगी। जिसके बाद स्टार स्पोर्ट्स ने इस मैच से पहले प्रोमो शेयर कर सबको उत्साहित कर दिया है। बता दें कि, इस प्रोमो में पिछले दो दशकों में अलग–अलग भारत और पाकिस्तान मैच के पलों को शामिल किया गया है। जबकि वीडियो मिस्बाह उल हक के स्कूप शॉट से शुरू हुआ है जिसे श्रीसंत ने पकड़ा था जिसने भारत को 2007 टी20 वर्ल्ड कप पहला ट्रॉफी दिलाया था।

# केएल राहुल, पंत और सैमसन के बीच कड़ी टक्कर, कौन मारेगा टी 20 वर्डकप 2024 की दौड़ में बाजी ?



वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी टी20 विश्व कप 2024 खेला जाएगा। इससे पहले सभी को इंतजार है कि भारतीय टीम में वर्ल्ड कप के लिए केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन में किसे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिलेगी। तो चलिए जानते हैं टीम इंडिय के लिए आईपीएल 2024 के आंकड़ों के हिसाब से कौन सा विकेटकीपर फिट बैठेगा। टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत जून में होने जा रही है। टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले सभी को इंतजार है कि भारतीय टीम में वर्ल्ड कप के लिए केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन में किसे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिलेगी। तो चलिए जानते हैं टीम इंडिय के लिए आईपीएल 2024 के आंकड़ों के हिसाब से कौन सा विकेटकीपर फिट बैठेगा। आईपीएल 2024 में अभी तक भारतीय प्रमुख विकेटकीपरों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन तीनों के तरफ से ही अच्छा खेल देखने को मिला है। वहीं पंत आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं तो संजू दूसरे पर हैं। जबकि राहुल का नाम तीसरे नंबर पर दर्ज है। कार एक्सीडेंट के बाद आईपीएल में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की तरफ से अभी तक बेहद शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। पंत ने इस सीजन आईपीएल में 9 मैचों में 161.31 स्ट्राइक रेट से 342 रन बनाए हैं। अब पंत के इस शानदार प्रदर्शन के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि उनको टी20 वर्ल्ड कप में मौका मिलेगा। संजू सैमसन का प्रदर्शन दूसरी तरफ संजू सैमसन के प्रदर्शन की बात करें तो वह इस सीजन में प्रभावी रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में अभी तक आठ मुकाबले खेले हैं और 152.43 के स्ट्रीक रेट 314 रन जड़े हैं। उनके इस प्रदर्शन के बाद ऐसा लगता है कि उन्हें भी आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। केएल राहुल की लिस्ट में इस सीजन में केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आठ मैच खेले हैं।

जिसमें उनके बल्ले से 141.12 के स्ट्राइक रेट से 302 रन बनाए हैं। देखा जाए तो तीनों की विकेटकीपर तय में नजर आए हैं।

# दिल्ली ने गुजरात को आखरी गेंद पर दी मात, पंत और अक्षर ने खेली अर्धशतकीय पारी



दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। इस दौरान कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी।बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। इस दौरान कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। वहीं गुजरात की तरफ से साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (06) का विकेट गंवाने के बाद 67 रन बनाए। गिल ने एनरिक नोर्किया पर चौका जड़ने के बाद उनकी गेंद को मिड ऑफ पर अक्षर के हाथों में खेल दिया। साहा और साई सुदर्शन ने इसके बाद पारी को संभाला। साहा ने खलील अहमद की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोलने के बाद इस तेज गेंदबाज के दूसरे ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा।साई सुदर्शन ने भी नोर्किया पर छक्के से खाता खोलने के बाद इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में लगातार दो चौके मारे। वह हालांकि रसिक सलाम की पहली ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने मिड ऑन पर उनका आसान कैच टपका दिया। साई सुदर्शन ने अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे लेकिन कुलदीप ने साहा को अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया।

# हम गरीब देशों में नहीं जाते... कम पैसे देने पर ठठर-का अश्वफर ठुकराया, वीरेंद्र सहवाग ने किया खुलासा

वीरेंद्र सहवाग अपने बेबाक अंदाज और मजेदार जवाब के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के मजे लिए, जिसकी अब चारों तरफ काफी चर्चा हो रही है। गिलक्रिस्ट भी अपनी हंसी



नहीं रोक पाए। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अपने बेबाक अंदाज और मजेदार जवाब के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के मजे लिए, जिसकी अब चारों तरफ काफी चर्चा हो रही है। गिलक्रिस्ट भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। गिलक्रिस्ट ने सहवाग से पूछा था कि क्या भारतीय खिलाड़ी कभी ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग या अन्य विदेशी टी20 लीग में खेलेंगे? जिसके बाद ऐसा जवाब दिया कि गिल्ली खुद अपनी हंसी नहीं रोक पाए। बता दें कि, आईपीएल दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग है। यहां दुनियाभर के बड़े खिलाड़ी आकर खेलते हैं। वहीं बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर रोक लगा रखी है। जिसकी मुख्य वजह टीम इंडिया के प्लेयर्स का बेहद व्यस्त शेड्यूल है। गिलक्रिस्ट ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर सहवाग से सवाल किया कि, क्या आपको लगता है कि भारतीय खिलाड़ी कभी अन्य टी20 लीग में जाकर खेल सकेंगे?

# सीलिंग फैन की तेज आवाज से हो रही है परेशानी, तो आजमाएं ये आसान ट्रिक्स



क्या आपके घर का पंखा ज्यादा शोर कर रहा है? अगर हां, तो परेशान न हों. अक्सर बहुत से लोग इसी तरह की समस्या से जूझ रहे होते हैं. पंखे का शोर आपकी नींद या आपके काम में खलल डाल सकता है. लेकिन हम आपको कुछ आसान तरीके बताएंगे जिनसे आप घर में ही पंखे की आवाज कम कर सकते हैं और उसे दोबारा ठीक से चला सकते हैं. आइए जानते हैं यहां....ब्लेड्स की सफाई करेंअक्सर हम देखते हैं कि पंखे के ब्लेड्स पर धूल जम जाती है, जिससे पंखा सही से काम नहीं कर पाता और आवाज करने लगता है. इससे बचने के लिए, एक साफ कपड़े का उपयोग करें. पहले पंखे को बंद कर दें, फिर कपड़े से धीरे–धीरे ब्लेड्स की धूल पोंछें. इस सिंपल तरीके से आपका पंखा फिर से नए जैसा काम करने लगेगा और शोर भी कम हो जाएगा. स्क्रू टाइट करेंकभी–कभी पंखे में शोर की समस्या स्क्रू ढीले होने की वजह से होती है. अगर आपके पंखे से अजीब आवाज आ रही है, तो एक साधारण पेचकश की मदद से स्क्रू को चेक करें. पंखे को बंद करके, पेचकश से एक–एक कर सभी स्क्रू को टाइट करें. यह सुनिश्चित करें कि सभी स्क्रू मजबूती से कसे हुए हैं. इससे पंखे का शोर कम हो जाएगा और वह बेहतर ढंग से काम करेगा.मोटर में तेल डालेंकभी–कभार पंखे की मोटर में ग्रीस कम हो जाती है और वो शोर करने लगती है. ऐसे में, बस थोड़ा सा मशीन ऑयल मोटर में डालें और पंखा चलाकर देखें. इससे मोटर फिर से स्मूथ चलने लगेगी और शोर भी कम हो जाएगा.बैलेंस किट का इस्तेमाल करेंअगर आपके पंखे के ब्लेड्स बराबर नहीं हैं तो उन्हें ठीक करने के लिए बैलेंस किट का उपयोग करें. यह किट आपको किसी भी हार्डवेयर स्टोर पर मिल जाएगी. इस किट की मदद से ब्लेड्स को

# बच्चों की ग्रोथ में मोबाइल है बड़ा रुकावट, रहना होगा सावधान



आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है. बच्चों के हाथों में भी अक्सर मोबाइल दिख जाता है. चाहे खेलने के लिए हो या पढ़ाई के लिए, मोबाइल का उपयोग बढ़ता जा रहा है. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसके अधिक उपयोग से बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है? आइए जानते हैं यहां..

शारीरिक विकास में बाधा

मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से बच्चों में कई समस्याएं आ सकती हैं. पहली समस्या नींद की कमी है. जब बच्चे देर रात तक मोबाइल चलाते हैं, तो उन्हें सही समय पर नींद नहीं आती, और उनका शरीर और दिमाग ठीक से आराम नहीं कर पाता. इसके अलावा, ज्यादा समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में जलन और धुंधलापन हो सकता है. फिर, लगातार बैठे रहने से उनकी मांसपेशियों में अकड़न आ जाती है. ये सभी चीजें मिलकर बच्चों के हेल्थ और विकास को प्रभावित करती हैं. मानसिक प्रभाव पड़ता है जब बच्चे अधिक समय तक मोबाइल पर गेम खेलते हैं या वीडियो देखते हैं, तो उनकी एकाग्रता और सीखने की गति में कमी आ सकती है. इससे उनके स्कूल की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता है. बच्चे जब लगातार स्क्रीन देखते हैं तो उनका मन भटकने लगता है और वे पढ़ाई में ध्यान नहीं लगा पाते. इसलिए जरूरी है कि मोबाइल का उपयोग सीमित किया जाए.सामाजिक प्रभाव बच्चे जब मोबाइल पर ज्यादा समय बिताते हैं तो उनका असली दुनिया से संपर्क कम हो जाता है. इससे उन्हें नए दोस्त बनाने में दिक्कत हो सकती है क्योंकि वे लोगों से बातचीत में हिचकिचाते हैं. सामाजिक ज्ञान जैसे कि टीम में काम करना, संवाद करना और समझदारी से पेश आना भी कम हो सकते हैं. इसलिए मोबाइल का इस्तेमाल कम करके बच्चों को खुले में खेलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए.

# वरुण धवन के फैंस को मिला सरप्राइज, फिल्म बेबी जान का नया पोस्टर रिलीज

वरुण धवन इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने बेबी जॉन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में वरुण धवन एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने इससे पहले उन्हें इस लुक में नहीं देखा होगा। यही वजह है कि लोग सोशल मीडिया पर इस नए पोस्टर को लेकर जमकर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में फिल्म के नाम की घोषणा होने के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज वरुण धवन के 37वें जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। वरुण के चाहने वालों के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है। दर्शकों को उम्मीद है कि इस फिल्म में उन्हें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म बेबी जॉन के नए पोस्टर को फिल्म के निर्माता मुराद खेतानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिलीज किया है। पोस्टर में वरुण धवन शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इसमें उनके लंबे बाल और दमदार बॉडी को भी साफ देखा जा सकता है। पोस्टर में वरुण धवन बारिश के बीच किसी आदमी की गर्दन को पकड़े हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर गुस्सा झलक रहा



है। इस पोस्टर के साथ मुराद खेतानी ने कैप्शन में लिखा, बेबी जॉन की ताकत वरुण ध ावन को जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। बेबी जॉन जल्द आ रही है। फिल्म का निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है। मुराद खेतानी के साथ–साथ एटली ने भी इसका निर्माण किया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी अभिनय करती नजर आएंगी। बता दें कि बेबी जॉन से अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है।

# पुष्पा 2 द रूल के पहले गाने पुष्पा पुष्पा का धमाकेदार प्रोमो आउट, फुट–टैपिंग नंबर की पहली झलक से ही मचा तहलका

आखिरकार इंतजार खत्म हुआ. अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 द रूल से लिरिकल प्रोमो रिलीज हो गया है. ये पहला टीजर होगा जहां पुष्पा 2 के ट्रैक की धुन सुनने को मिली है. मेकर्स ने शानदार टीजर और डायनामिक पोस्टर के साथ दर्शकों का दिन बना दिया है. इतना ही नहीं, पहले गाने की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है. चलिए आपको भी दिखाते हैं ट्रेक का लिरिकल प्रोमो.अल्लू अर्जुन की फिल्म के पहले सिंगल का नाम पुष्पा पुष्पा है. जैसा कि टाइटल से पता चलता है, यह गाना एक आकर्षक फुट–टैपिंग गाना होने का वादा करता है जो अल्लू अर्जुन के किरदार पुष्पा राज को बयां करने में बेस्ट साबित होगा.इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है।सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, प्त पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11.07 बजे होगा रिलीज. इसका मतलब ये कि पुष्पा 2 से पहला गाना 1 मई को रिलीज होगा. तब फिल्म से तगड़े विजुअल्स भी देखने को मिल सकते हैं. फिल्म की बात करें तो इस महीने की शुरुआत में 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने पुष्पा 2रू द रूल की एक झलक दिखाई थी. जहां अल्लू अर्जुन के आकर्षक लुक ने लोगों को एक बार हैरान कर दिया था. फिर मेकर्स ने रश्मिका मंदाना का लुक भी रिलीज किया था. पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. जिसे एक बार फिर सुकुमार ने निर्देशित किया है. साथ ही माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं.



# तेजा सज्जा की फिलम मिराई टीजर को 15 मिलियन से अधिक बार देखा गया, यूट्यूब पर नंबर 1 पर कर रहा ट्रेंड

हनु–मान के बाद देश भर में लोकप्रिय हुए तेजा सज्जा कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित एक्शन–एडवेंचर मिराई में सुपर योद्धा के रूप में आ रहे हैं। फिल्म के टाइटल की घोषणा एक झलक के जरिए की गई थी जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला.जैसा कि टीजर में दिखाया गया है, मिराई बड़े पैमाने पर शुरू किया गया एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। तेजा सज्जा जबरदस्त स्टंट करते नजर आए. खासकर छड़ी लड़ाई ने सभी को प्रभावित किया। लेखन, प्रस्तुतिकरण, दृश्य, ध्वनियाँ, उत्पादन, हर चीज एक शीर्ष मानक उत्पाद का वादा करती है। फिल्म ने अपनी प्रभावशाली घोषणा से बहुत अच्छी प्रत्याशा हासिल की है।टीजर यूट्यूब पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रहा है और इसे अब तक 15 मिलियन से अधिक डिजिटल बार देखा जा



चुका है। सिर्फ तेलुगु ही नहीं, टीजर ने अन्य भाषाओं में भी धूम मचा दी है। मिराई ने सोशल मीडिया पर भी धूम मचा दी. चूंकि यह फिल्म तेजा के लिए ब्लॉकबस्टर हनुमान के ठीक बाद है, इसलिए स्पष्ट रूप से इसकी अच्छी चर्चा थी और निर्माताओं ने एक दिलचस्प झलक के साथ इसका प्रभावी ढंग से उपयोग किया। फल्म को सिनेमैटोग्राफर से निर्देशक बने कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा लिखा और निर्देशित किया जा रहा है, जबकि टीजी विश्वप्रसाद इसे पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री के तहत बड़े पैमाने पर बना रहे हैं। फिल्म में रितिका नायक मुख्य भूमिका में हैं और इसका संगीत गौरा हरि ने तैयार किया है। बताया जा रहा है कि मिराई 18 अप्रैल, 2025 को बहु–भाषाओं (तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, मराठी और चीनी) में रिलीज होगी।

## हारर कामेडी में धमाल मचाने पूरी तरह तैयार सनी लियोन, फिल्म मंदिरा का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

हॉरर कॉमेडी शैली के अंतर्गत आने वाली फिल्मों की अच्छी मांग है। जो लोग हॉरर और थ्रिलर तत्वों को पसंद करते हैं, और जो लोग मनोरंजन पसंद करते हैं वे भी उन्हें समान रूप से पसंद करेंगे। खैर, सनी लियोन आगामी हॉरर कॉमेडी में मंदिरा के रूप में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।विजन मूवी मेकर्स के बैनर तले इस फिल्म का



निर्देशन आर युवान कर रहे हैं। यह साई सुधाकर कोमलपति द्वारा निर्मित और कोमलपति श्रीधर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। अंतरिम तौर पर मेकर्स इस फिल्म का अपडेट लेकर आए हैं.मंदिरा से सनी लियोन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया। हालांकि वह रानी के रूप में खूबसूरत लगती हैं, लेकिन भूत के रूप में वह जो किरदार निभाती हैं वह दर्शकों को डराने वाला है। पोस्टर ने निश्चित रूप से फिल्म के प्रति उत्सुकता पैदा कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी. फिल्म यूनिट पोस्ट–प्रोडक्शन गतिविधियों में व्यस्त है।

## रजनीकांत की जेलर के सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट, हुकुम होगा फिल्म के अगले भाग का नाम!

बीते साल सुपरस्टार रजनीकांत फिल्म जेलर में नजर आए। नेल्सन द्वारा निर्देशित जेलर ने अपनी रिलीज के साथ ही इतिहास रच दिया। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जबर्दस्त सफलता हासिल की। इसके साथ ही जेलर तमिल सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। बीते कुछ समय से जेलर के सीक्वल को लेकर अटकलें सामने आ रही हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्देशक नेल्सन बीते कई महीनों से जेलर 2 पर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही रजनीकांत के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के निर्देशक नेल्सन जून से जेलर 2 की तैयारी शुरु कर देंगे। चर्चा है कि जेलर 2 का पहला ड्राफ्ट फाइनल कर लिया गया है। मुथुवेल पांडियन ने फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए एक दमदार सीक्वल तैयार किया है, जिसे लेकर रजनीकांत और सन पिक्चर्स से भी मंजूरी मिल गई है। खबर है कि नेल्सन जून 2024 से इसके प्री–प्रोडक्शन पर काम करना शुरू कर देंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक नेल्सन फिल्म के लिए दो नामों पर विचार कर रहे है। पहला जेलर 2 और दूसरा हुकुम। चर्चा ये भी है कि टीम के ज्यादातर सदस्यों को हुकुम ज्यादा पसंद आ रहा है। वहीं, इस साल के अंत तक फिल्म को फ्लोर पर ले जाने पर विचार किया जा रहा है, तब तक वे रजनीकांत लोकेश कनगराज की थलाइवर 171 की शूटिंग पूरी कर लेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रजनीकांत ने हाल ही में लोकेश कनगराज की फिल्म के प्रोमो की शूटिंग पूरी की, जिसका जल्द ही एलान किया जाएगा।

# बाक्स आफिस पर एलएसडी 2 की हालत खस्ता, फिल्म दो और दो प्यार का भी डिब्बा गुल

एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2(एलएसडी 2) का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार था। दरअसल, पहले भाग लव सेक्स और धोखा ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया था, वहीं फिल्म की हटके स्टोरीलाइन ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था, लेकिन इसकी दूसरी किस्त सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरस रही है।उधर विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का हाल भी बेहाल है।आइए दोनों फिल्मों की कमाई जानें।एलएसडी 2 ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया था। फिल्म ने महज 15 लाख रुपये से अपना खाता खोला था। उसके बाद फिल्म ने वीकेंड तक में दम नहीं भरा।5वें दिन यानी मंगलवार को भी इसने 8 लाख रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई भी इतनी ही थी। पिछली बार की तरह



बेहिसाब बोल्ड दृश्यों के साथ लाई गई यह फिल्म भारत में अब तक 81 लाख रुपये का कारोबार कर पाई है।

इस वक्?त दो और दो प्?यार के लिए एकमात्र खुशी की बात यह है कि ये एलएसडी 2 से कमाई में आगे है, लेकिन यह एक ऐसी रेस बन गई है, जिसमें दोनों की ही बुरी तरह हार हुई है।शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी दो और दो प्?यार ने 5वें दिन 28 लाख रुपये कमाए। चौथे दिन इसने 25 लाख रुपये कमाए थे।फिल्म अब तक भारत में कुल 2 करोड़ 9 लाख रुपये जुटा पाई है।एलएसडी 2 3 कहानियों को एक साथ बुनती है। दूसरी किस्त का निर्देशन भी दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह सोशल मीडिया को लेकर आज की पीढ़ी का पागलपन दिखाती है। फिल्म में परितोष तिवारी, बोनिता राजपुरोहित, अभिनव सिंह, स्वास्तिका मुखर्जी, मौनी रॉय और उर्फी जावेद जैसे कलाकार नजर आए हैं।उधर शादी और बेवफाई की कहानी कहती दो और दो प्यार में विद्या के अलावा प्रतीक गांधी, सेंधिल राममूर्ति और इलियाना डिक्रूज ने भी अहम भूमिका निभाई है।वहीं अजय देवगन की फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। उनकी हालिया रिलीज फिल्म मैदान को रिलीज हुए 13 दिन हुए हैं। 13वें दिन इसने 75 लाख रुपये कमाए। इसी के साथ फिल्म अब तक 37 करोड़ 5 लाख रुपये का कारोबार कर पाई है।उधर अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां ने 13वें दिन 80 लाख रुपये बटोरे। इसी के साथ इसने भारत में 56 करोड़ 43 लाख रुपये का कारोबार कर लिया है।

# उर्वशी रौतेला ने रेड बाडीकान ड्रेस पहन बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की सबसे हॉट अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने अद्भुत अभिनय कौशल के लिए जानी जाती हैं। वह एक मॉडल भी हैं और उन्होंने खुद को बहुत अच्छे से मेंटेन करके रखा है. वह बेहद हॉट दिखती हैं और अपने आउटफिट को खूबसूरती से स्टाइल करती हैं। इंडस्ट्री में अपना जलवा बिखेर रही हैं और उन्होंने अपने करियर में काफी कुछ हासिल किया है। वह अपने कातिलाना लुक के लिए फैंस द्वारा पसंद की जाती हैं। एक्ट्रेस को आमतौर पर आउटफिट पहने हुए देखा जाता है और वह शानदार दिखती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं. एक बार फिर वह सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से धमाल मचा रही हैं. हाल ही में, उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह रेड बॉडीकॉन ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं. इस ड्रेस में उर्वशी बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश सिल्वर नेकलेस और खुले बालों से पूरा किया है. उर्वशी की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. तस्वीरों पर सोशल मीडिया पर जमकर लाइक्स और कमेंट्स आ रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, आप तो कितनी खूबसूरत हैं उर्वशी जी. वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, आपका यह लुक कमाल का है. उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं.

# शादी एक खूबसूरत मिलन, लेकिन बड़ी जिम्मेदारी है मीरा देओस्थले

टीवी शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में नंदिनी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। उन्होंने कहा कि यह खूबसूरत मिलन के साथ–साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं। नंदिनी ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है, और अब उसे लगता है कि वह अपने नए परिवार के भीतर छिपी जटिलताओं को उजागर करने की कगार पर है। कुछ रीत जगत की ऐसी है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर सोमवार से शुक्रवार प्रसारित होता है।



# मुंबई क्राइम ब्रांच ने गृह मंत्रालय से अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का अनुरोध किया

सलमान खान के घर फायरिंग मामले में अहम घटनाक्रम में मुंबई क्राइम ब्रांच ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। सलमान खान के घर फायरिंग मामले में अहम घटनाक्रम में मुंबई क्राइम ब्रांच ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। अनमोल बिश्नोई ने घटना के कुछ घंटों बाद अपने फेसबुक प्रोफाइल के जरिए सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी. इस सप्ताह की शुरुआत में, मुंबई क्राइम ब्रांच ने गोलीबारी की घटना में इस्तेमाल की गई दूसरी बंदूक बरामद की। सूरत की तापी नदी से तीन मैगजीन के साथ बंदूक बरामद की गई। 16 अप्रैल को कच्छ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दिया। बाद में, शहर की एक अदालत ने गोलीबारी की घटना के सिलसिले में दोनों आरोपियों को 25 अप्रैल तक मुंबई अपराध शाखा की हिरासत में भेज दिया। आरोपियों की पहचान बिहार के विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के रूप में हुई, जिन्हें मेडिकल जांच के बाद अदालत में पेश किया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच अभी भी जारी है मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक, कथित तौर पर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले शूटरों के पास दो बंदूकें थीं और उन्हें 10 राउंड गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था. 14 अप्रैल की सुबह, दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और अभिनेता के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर चार गोलियां चलाईं। घटना के बाद हमलावर



तेजी से मौके से भाग गए। निगरानी फुटेज से पता चला कि दोनों संदिग्धों ने टोपी पहन रखी थी और बैकपैक ले रखा था। अनजान लोगों के लिए, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार की धमकियों के बाद 2022 में सलमान की सुरक्षा का स्तर वाई–प्लस तक बढ़ा दिया गया था। अभिनेता को व्यक्तिगत बन्दूक ले जाने के लिए भी अधिकृत किया गया था और अतिरिक्त सुरक्षा के लिए उन्होंने एक नया बख्तरबंद वाहन भी खरीदा है।

